प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 05.06.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड से राज्यसभा चुनाव के लिए प्रणव झा कांग्रेस के उम्मीदवार घोषित, भाजपा की पहली सूची में झारखंड से पार्टी के उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने योजना एवं विकास विभाग की समीक्षा बैठक में योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के दिए निर्देश, विकास कार्यों में तेजी लाने पर दिया जोर।
3. विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत अनमैप्ड मतदाताओं की मैपिंग के लिए 06 और 07 जून को सभी मतदान केंद्रों पर लगाए जाएंगे विशेष कैंप।
4. केरल में मॉनसून ने दी दस्तक, झारखंड में 17 से 20 जून के बीच मानसून के पहुंचने की संभावना।
5. धनबाद में आज से झारखंड राज्य सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज, प्रतियोगिता के आधार पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का होगा चयन।

****

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। झारखंड से राज्यसभा चुनाव के लिए प्रणव झा को कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित किया गया है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने भी राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। हालांकि, इस सूची में झारखंड से पार्टी के उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की गई है।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने योजना एवं विकास विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं, बजटीय प्रावधानों और परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने नवाचार आधारित योजनाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। विभाग के सचिव ने बताया कि इनोवेटिव स्कीमों की राशि 2 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दी गई है, साथ ही वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट के तहत चयन के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है।

****

झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा जेटेट से भोजपुरी, मगही और मैथिली को हटाए जाने के मुद्दे पर राज्य में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

भारतीय जनता पार्टी ने सरकार द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक में मंत्रियों के बीच समन्वय की कमी का आरोप लगाते हुए सरकार की आलोचना की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि सरकार इस मामले में एकमत नहीं दिख रही है।

वहीं, सत्तारूढ़ कांग्रेस ने इस विवाद के जल्द सुलझने की उम्मीद जताई है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि समिति अपनी रिपोर्ट शीघ्र मुख्यमंत्री को सौंपेगी और उसके आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

****

विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत **अनमैप्ड** मतदाताओं की मैपिंग के लिए रांची में 06 और 07 जून को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जहां बीएलओ सुबह 8 से शाम 4 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने बीएलओ और सुपरवाइजरों को

गंभीरता से कैंप चलाने, शत–प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने और लापरवाही बरतने वाले पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने बूथ पर जाकर मैपिंग जरूर कराएं, क्योंकि शुद्ध मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव है।

****

भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत ईसीआईनेट के उपयोग को लेकर ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में झारखंड के निर्वाचन पदाधिकारियों ने विशेष गहन पुनरीक्षण के विभिन्न चरणों में ईसीआईनेट के प्रभावी उपयोग और डेटा प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की। आयोग के विशेषज्ञों ने प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व योगासन चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से अपने–अपने देशों में आयुष मंत्रालय के योग 365 अभियान के वैश्विक राजदूत बनने का आह्वान किया है।

****

आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर झारखंड के विभिन्न जिलों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जमशेदपुर वन प्रमंडल और एलिफेंट प्रोजेक्ट के द्वारा रूप से दोमुहानी क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

****

दिल्ली में हाल ही में हुई अग्निकांड की घटना के बाद बोकारो जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि जिले के सभी होटल, गेस्ट हाउस और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

****

जमशेदपुर के जुगसलाई थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार सप्लाई करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी ललित मीणा ने बताया कि इनके पास से हथियार और कारतूस बरामद गए हैं।

****

केरल में दक्षिण–पश्चिम मानसून के पहुंचने के बाद अब झारखंड में इसके आगमन का इंतजार है। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में 17 से 20 जून के बीच संताल परगना क्षेत्र के रास्ते मानसून के प्रवेश की संभावना है।

****

धनबाद के डॉ. जेके सिन्हा मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में झारखंड राज्य सीनियर महिला–पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन आज शाम 5 बजे होगा। झारखंड राज्य कबड्डी संघ और धनबाद जिला कबड्डी संघ द्वारा एसपी क्लब के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य की 36 महिला–पुरुष टीमें और 30 तकनीकी अधिकारी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर कर्नाटक में होने वाली राष्ट्रीय सीनियर कबड्डी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का चयन किया जाएगा।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले अधिकांश अखबारों ने बिहार के मुज्जफरपुर के अस्पताल में हुए अग्किांड की खबर को प्रमुखता से लिया है।

प्रभात खबर ने इसपर लिखा है – मशीन से निकला धुंआ और आईसीयू में लगी आग पांच लोगों की मौत।

दैनिक भास्कर की लीड है – दिल्ली के होटल अग्निकांड में बोकारो की सुरभि की मौत।

दैनिक जारगण की सुर्खी है – मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, प्रत्येक जिला में एक आईटीआई बनेगा मॉडल।

हिन्दुस्तान लिखता है – संविधान विशेषज्ञ सुभाष कश्यप और फिल्म निर्माता पहलाज निहलानी का निधन।

***********समाप्त***********